मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्ज़ापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 11 | अंक -21 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

## लिवइन पार्टनर के साथ रह रहे भाजपा नेता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुंबई/ रिपोर्ट शिवा जयस्वालः** भोपाल शहर के स्टेशन बजरिया थाना इलाके में किराये से रहने वाले भाजपा नेता द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि मृतक परिवार वालो से अनबन होने के चलते अलग रह रहे थे, उनके साथ उनकी लिवइन पार्टनर भी रहती थी। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दुर्गा चौक तलैया में रहने वाले 52 वर्षीय राजेश राठौर पिता चौखेलाल राठौर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रह चुके है और तलैया चौक मंडल उपाध्यक्ष और राठौर संघ भोपाल के सांस्कृति सचिव भी थे।

पेशे से व्यापारी राजेश का घर बुधवारा इलाके में तलैया चौकी के पास रेतघाट पर है । उनके दो बच्चे है लेकिन परिवार वालो से किसी बात को लेकर जारी अनबन के चलते बीते करीब दो साल से वह परिवार से अलग कस्तूरी ग्रीन सिटी सेमरा,मकान नंबर 106 में कृष्णा शर्मा के मकान में किराये से रह रहे थे। उनके साथ रायसेन निवासी कविता नामक महिला भी रह रही थी। कविता ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब डेढ़ बजे उन्होनें



राजेश राठौर का शरीर फांसी के फंदे पर लटके देख पड़ोसियों को सूचना दी थी। इसके बाद सूचना मिलने पर मकान मालिक कृष्णा शर्मा मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई।

खबर मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जॉच के बाद राजेश का शव पीएम के लिए भेज दिया। इधर सूचना मिलने पर परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गये थे। परिवार वालो का आरोप है कि शव देखने पर उन्हें राजेश के शरीर पर चोंट के लाल निशान नजर आये थे, जिससे लगता है कि किसी ने उनके साथ मारपीट की है। परिजनो ने अनहोनी की आशंका जताई है। वहीं जॉच टीम ने बताया कि फिलहाल घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है। जिससे खुदकुशी के कारणो का पता चल सके। पुलिस ने मौके से मृतक राजेश का मोबाइल जब्त किया है। आगे की जॉच में पुलिस टीम मोबाइल की पड़ताल करने के साथ ही उनके परिजन और साथ रह रही महिला के बयान दर्ज करेगी। अधिकारियो का कहना है कि पीएम रिर्पोट आने पर ही मौत के सही कारणो का पता चल सकेगा। जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही तय की जायेगी।

## अनूप जलोटा ने कपिल गीत के लिए भजन का लोकार्पण किया



**मुंबईः** अपने बेहद बेजोड़ और लाजवाब भक्ति गीतों से देश दुनिया के लाखों करोड़ों लोगों के दिलों पर एक क्षत्र राज करने वाले बेताज बादशाह भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा ने भक्ति गीत यूट्यूब चैनल कपिल गीत कुशीनगर के लिए मोबाइल फोन पर एक भक्ति गीत का लोकार्पण किया।

दादर(प)शिवाजी पार्क स्थित अपने आवास पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए अनूप जलोटा ने कहा कि संत पंगुल दास जो शरीर(पैर) से पूरी तरह अपंग होते हुए भी संत शिरोमणि कबीर दास का भजन इतना प्रभावशाली ढंग से गाकर यह साबित कर दिया है की आदमी के अंदर लगन हो तो वह कुछ भी कर सकता है जहां संत दारा प्रसाद साहब की जुगलबंदी ने भजन को ऊंचाई पर पहुंचाया है वहीं कपिलदेव खरवार की वीडिओग्राफी ने इस भजन को देखने और सुनने के काबिल बना दिया है मेरा विश्वास है कि यह भजन खासकर कबीर पंथी विचार धारा के लोगों को खूब पसंद आएगा। इसलिए की इस भजन में मनोरंजन के साथ एक बड़ा सामाजिक संदेश भी है। चैनल के प्रबंधक कपिलदेव खरवार ने अनूप जलोटा को शाल और गुलदस्ता देकर उनका दिल से आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद मुकीम शेख,सचिन पिल्लई (वायस ऑफ रफी) बाल गायक कलाकार स्नितिक,अमित और मोहम्मद अली भी उपस्थित थे।

## विचार विभाग समन्वयक अनिल मसीहजी और मुंबई कांग्रेस विचार विभाग महासचिव इस्माइल सारंगजी की सालगिरह मनाई गई

**रि.स्पर्शदेसाई**

हाल के दिनों में ह्ममुंबई कांग्रेस विचार विभागह्व एमआरसीसी कार्यालय, आजाद मैदान, राजीव गांधी भवन पर एआईसीसी विचार विभाग समन्वयक अनिल मसीहजी और ह्ममुंबई कांग्रेस विचारह्व विभाग महासचिव इस्माइल सारंग जी का जन्म दिन केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । जिसमे मुंबई कांग्रेस विचार विभाग अध्यक्ष राकेश यादव सेवादल के अध्यक्ष सतीश मनचंदा




अपनी टीम के साथ और गुजराती सेल के पदाधिकारी लोग भी उपस्थित थे । उसके अलावा ह्ममुंबई कांग्रेस विचार विभागह्व के पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष इरशाद खान और अखतर अली सिद्दीकी,सचिव सुनील यादव,रेखा पोतदार, संयुक्त सचिव समीर सोलकर,कलिना तालुका अध्यक्ष विजय कुतरकर, उपाध्यक्ष यूसुफ बेग, वार्ड नंबर 164 अध्यक्ष रहीस शेख,सोशल मीडिया संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार स्पर्श देसाई, सलीम करंजिया, पत्रकार हीना खान,यासीन सैय्यद, सुफियान शेख और बहुत सारे कार्यकर्ता ने उपस्थित रहकर इनको साल गिरह की बधाइयां दी थी ।

## पॉपुलर हॉस्पिटल के सहयोग से लाल दरवाजा चुनार मिर्जापुर में हिमांशु टू एमजी फामेर्सी स्टोर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मिजार्पुर संवाददाताः** विगत दिनों पॉपुलर हॉस्पिटल के सहयोग से लाल दरवाजा चुनार मिर्जापुर में हिमांशु टू एमजी फामेर्सी स्टोर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। वित्तीय बाधाओं के बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच मेरे सहित कई लोगों के लिए एक आशीर्वाद है। यह सुनिश्चित करने की टू एमजी फामेर्सी स्टोर प्रतिबद्धता कि हर किसी को उनकी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच मिले, हमारे समुदाय की भलाई में सुधार के लिए आपकी करुणा और समर्पण का प्रमाण है।

यहां पर बता दें कि हर्षित शर्मा और अनीके शर्मा इस स्वास्थ्य देखभाल केंद्र के आयोजन के प्रबंधन सारी जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेकर बखूबी उसे सफलता से निभाया भी इस असाधारण कृत्य से स्थानीय लोगों के बीच प्रशंसा का प्रतिबिंब बनें। हर्षित और अनीके










अखबार कदम कदम पर अपनी बात रखते हुए कहा कि मेडिकल स्टाफ और स्वयंसेवकों ने यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया कि जरूरतमंद लोगों के देखभाल पर विशेष ध्यान मिले जिसकी हम सभी को जरूरत थी। यहां पर बता दें जरूरतमंद लोगों को न केवल चिकित्सा उपचार प्राप्त हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया के दौरान उन्हें सुना गया और समर्थन भी किया गया। समग्र देखभाल प्रदान करने के लिए हर्षित और अनीके की पूरी टीम का समर्पण वास्तव में सराहनीय और अत्यधिक प्रशंसनीय रहा जिससे जरूरतमंद स्थानीय लोगों ने खूब सराहा। पापुलर हॉस्पिटल एवं टू एमजी फामेर्सी स्टोर के निस्वार्थ प्रयास इतने सारे लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला रहे हैं, और मैं आपके द्वारा किए गए हर काम के लिए वास्तव में जरूरतमंद लोग काफी आभारी हैं।

हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर समाचार पत्र जरूरतमंद लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के पापुलर हॉस्पिटल, टू एमजी फामेर्सी स्टोर, हर्षित और अनीके शर्मा के अथक समर्पण के लिए शब्दों के माध्यम से खबर को प्राथमिकता देते हुए अपनी हार्दिक कृतज्ञता और सराहना व्यक्त करता है आपकी उदारता वास्तव में प्रेरणादायक है, और मैं समाज में इस तरह के एक अद्भुत स्वास्थ्य सेवा संसाधन को पाकर धन्य महसूस करता हूं।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

### उजड़ते मंजर

राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल की निगाह में अटल टनल के दोष कोकसर तक बिखर रहे हैं और इस चेतावनी का व्यावहारिक पक्ष समझना होगा। एक व्यक्ति की निजी चिंता को सूंघते हुए एनजीटी ने राज्य और केंद्र को कोकसर के उजड़ते मंजर पर नोटिस थमाया है। अटल टनल के दरवाजे पर कूड़े-कर्कट के ढेर और इसके निष्पादन की शर्तों पर आंख मूंदे बैठे प्रशासन को एनजीटी का आदेश आईना दिखा रहा है। दरअसल अटल टनल से गुजरता वाहनों का दरिया अनवरत प्रदूषण की शक्ति का प्रदर्शन बनकर कोकसर के परिवेश से भिड़ंत कर रहा है। कोकसर की अपनी क्षमता, अपने परिणाम और परिवेश की सीमाएं हैं, जिन्हें लांघ कर पर्यटन चिढ़ा रहा है। फर्क भी यही है कि हम पर्यटन के मुस्कराने और पर्यटन के चिढ़ाने का अंतर जाने। बेशक हिमाचल में पर्यटन का सबसे बड़ा चुंबक बनी अटल टनल मशहूर है और मशगूल है, लेकिन इन बहारों में गुम हो जाने की वजह भी है। एक नागरिक आकाश को जो नजर आया, वह प्रशासन क्यों भूल गया और यह महज कोकसर का मामला नहीं, हिमाचल के हर पर्यटक स्थल की व्यस्तता का आलम यह है कि वहां कूड़े के ढेरों से निकलती बदबू और जल निकासी की अव्यवस्था में परिवेश तीव्रता से अपना वस्त्रहनन होते चुपचाप देख रहा है। अगर ग्रीन ट्रिब्यूनल की चेतना में देखें तो हिमाचल में कितने ही कोकसर मिल जाएंगे, जहां पर्यटन के मार्फत परिदृश्य से मौसम व हवाओं की पवित्रता गायब है। ऐसे में कारणों के समाधान का पीछा करेंगे तो पर्यटन नीतियों और पर्यटन स्थलों के संचालन में कमी सामने आएगी। यह सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टि से व्यवहार और नियमों की शब्दावली व शपथ अपनाने का अनुशासन है। विश्व भर में और केरल में भी कुछ ऐसे पर्यटक गांव हैं जहां समाज ने तय कर रखा है कि सैलानियों के आगमन के बावजूद परिवेश और पर्यावरण का वजूद अव्वल रहे। हम पर्यटन को रफ्तार मानने की गलती करते आए हैं, इसलिए हर पर्यटक स्थल का मूल्यांकन उसकी भीड़ से होता है।

आश्चर्य यह है कि अभी कुछ सालों में अस्तित्व में आए बीड़-बिलिंग जैसे पर्यटक स्थल को भी हमने भीड़ के नाखूनों के सुपुर्द कर दिया है। यह भीड़ वाहनों की कतार, खाद्य-पदार्थों की भरमार व रेस्तरां की व्यस्तता में कद से कहीं ज्यादा सैलानियों के आगमन के बजाय कूड़े-कर्कट का साम्राज्य बन रही है। गौर से देखें तो कोकसर की कार्बन कापी बिलिंग से शिकारी देवी या पराशर झील तक मिलेगी।

# धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की स्वर्ण जयंती

**लालगंज** - AIMCEA तहसील इकाई लालगंज के द्वारा अभी हाल में ही भारत रत्न से सम्मानित किए जाने वाले बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर जी के जन्म शताब्दी समारोह को बाबा घूईसरनाथ धाम लालगंज प्रतापगढ़ में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राम सजीवन मौर्य (बब्बू जी) संस्थापक मौर्य बंधुत्व क्लब उत्तर प्रदेश ने कपूरी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए निकट भविष्य में कपूरी जी की जयंती अपने बैनर तले प्रतापगढ़ में आयोजित करने की बात कही, विशिष्ट अतिथि रहे हाई कोर्ट प्रयागराज के अधिवक्ता राजेश शर्मा जी कपूरी ठाकुर के त्याग, संघर्ष, सादगी एवं शोषित वंचितों के लिए उनके दिल मे जो तड़प रही उसपर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य वक्ता MWO संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने बताया कि जननायक जी के कहे हुए स्लोगन कदम कदम पर अड़ना सीखो,जीना है तो मरना सीखो को अपने मे उतारना होगा। राष्ट्रीय नाई महासभा अमेठी के पूर्व जिलाध्यक्ष अमेठी घनश्याम शर्मा ने समाजवाद को बढ़ावा देने पर जोर दिया,जनकवि सुखराम शर्मा सागर ने जननायक के व्यक्तित्व पर कविताओं के माध्यम से प्रकाश डाला।

वक्ताओं के रूप में MWO अमेठी जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा, राजेश यादव, राजकुमार मौर्य, रघुनाथ यादव,श्रीनाथ मौर्य, रामकृपाल सरोज पूर्व प्रमुख सांगीपुर, रामकृपाल यादव जिला अध्यक्ष यादव सेना, कल्पनाथ वर्मा, बीरु पासी, कामता पटेल आदि रहें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे AIMCEA




के पूर्व मण्डल अध्यक्ष बृजेंद्र नाथ शर्मा ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की सफलता में सदैव तन मन धन से साथ देने का वादा किया और अपनी पूरी टीम के साथ जिसमें जिलाध्यक्ष सुरजीत शर्मा, मंडल सचिव संजय शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष लालता प्रसाद शर्मा, ADO पंचायत अशोक शर्मा जी, जयप्रकाश मास्टर, रमाशंकर शर्मा, रामराज मैनेजर साहब, राजकपूर मास्टर साहब रायबरेली, के साथ साथ उदयराज शर्मा प्रांतीय सचिव MWO उत्तर प्रदेश मौजूद रहे।

आयोजक कमेटी के द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों को जननायक कपूरी ठाकुर जी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर शर्मा तहसील अध्यक्ष लालगंज ने किया।

मौके पर महासचिव दिनेश दानी, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष लालगंज पवनकुमार शर्मा, प्रभारी, कमलेश चंद्र कमल जी, डॉ भागवत जी, बुद्धराम शर्मा जी,राम अभिलाष शर्मा जी, मीडिया प्रभारी विनोद, सुधीर शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सांगीपुर, रामपुर ब्लॉक अध्यक्ष राकेश शर्मा जी, छेदीलाल मास्टर साहब, दयाराम शर्मा, अरविंद शर्मा जी, तनुज शर्मा, मलखान शर्मा,अरविंद शर्मा उर्फ पंडित, विजय कुमार शर्मा, शिवपूजन शर्मा आदि समाज के सैकड़ों लोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# सचिन शर्मा - गोबरी, के नेतृत्व में किया गया निःशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य कैंप का विशाल आयोजन

**प्रतापगढ़** - सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन (एम डब्ल्यू ओ) जनपद प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा के द्वारा समाज में अहम भूमिका निभाते हुए समाज के लोगों के लिए तथा उनके स्वास्थ्य सुधार के लिए उन्होंने अपने घर गोबरी में भगवान तारा तालाब के पास निःशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य कैंप का आयोजन करवाया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी से पूर्व एमएलसी रही कांति सिंह पटेल जी द्वारा फीता कटवा कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई

इस कार्यक्रम में सैकड़ो ग्रामीणों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें 150 लोगों का निःशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच तथा दवा भी वितरित की गई।

इस कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी ग्रामीणों को कांति सिंह ने



संबोधित करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि जीवन में स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षा भी जरूरी है इसलिए हम समाज के सभी वर्ग के लोगों से अपील करते हैं कि अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई जरूर करवाएं।

साथ में उन्होंने समाजवादी पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी माननीय एसपी सिंह पटेल जीतने के लिए निवेदन किया तथा कार्यक्रम संचालन करने के लिए सचिन शर्मा को बहुत धन्यवाद दिया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था जिसमें से कंचन शर्मा, सावित्री शर्मा, सरिता शर्मा, अनीता शर्मा, मालेराम सरोज, रामजस शर्मा, नन्हे, सिद्धू, जग्गू , विपिन, आशीष, सत्यम, बृजेश पांडे बृजेश, रामकुमार शर्मा, धीरेंद्र शर्मा - गोबरी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# पापुलर हॉस्पिटल ने लगाया फ्री मेडिकल कैंप




**मिजार्पुर,** पॉपुलर हॉस्पिटल के सहयोग से लाल दरवाजा चुनार मिर्जापुर में हिमांशु 2एमजी फामेर्सी स्टोर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर १०/०२/२०२५ को आयोजन किया गया. हर्षित शर्मा और अनीके शर्मा की भागिदारी द्वारा यह शिविर सफलता पुर्वक सम्पन हुआ।

# पंचम शर्मा का मुंबई आगमन पर भव्य सत्कार हुआ



**मुंबई, पंचम शर्मा उपाध्यक्ष भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सिमित का मुंबई आगमन पर भव्य सत्कार किये अनिल शर्मा मुंबई ने पंचम शर्मा ने अपने संगठन के विस्तार के लिए किए चर्चा साथ में उपस्थित गोपाल शर्मा युवा समाज सेवक टिटवाला, सुनील शर्मा, शुशील शर्मा बैंक मैनेजर एचडीएफसी मुंबई व आदि लोग उपस्थित थे।**

# चंद्र भूषण शर्मा ने दिनेश जी के पिताजी के स्वास्थ की जानकारी लेने के लिए पहुंचे हॉस्पिटल

**जौनपुर,** नई उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक एवम अध्यक्ष चंद्र भूषण शर्मा जी जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश के साल्वेशन हॉस्पिटल में दिनाक 9 जनवरी 2024 को पहुंचे । भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति सूबे के मुखिया संस्था अध्यक्ष बड़े भाई दिनेश चंद्र शर्मा



जी के बाबूजी का अभी हाल-चाल लिया बाबूजी कि तबियत में सुधार हो रहा है ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि बाबूजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो साथ में ठवऋ संस्था के साथी अजय यादव व विमल शर्मा रहे।

# एफ सी शर्मा ने कदम कदम पर समाचार पत्र परिवार को दी बधाई

**मुंबई,** एफ सी शर्मा सविता समाज संस्था के आधार ट्रस्टी ने छोटेलाल शर्मा संपादक, अनिल शर्मा प्रबंध संपादक को व कदम कदम पर समाचार पत्र परिवार को दी बधाई और कहा कदम कदम पर समाचार पत्र अपनी पेपर को प्रकाशित करते हुए लगातार ११ वर्ष पूर्ण की और आधुनिक जमाना व पाठको के भारी मांग से फरवरी माह से डिजिटल प्लेट फॉर्म पर



लाने के लिए बहुत बहुत बधाई.

## मनोज शर्मा ने संघठन को मजबूत बनाने के लिए की शिष्टाचार मुलाकात



जौनपुर,भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा व मछली शहर तहसील अध्यक्ष ललित कुमार शर्मा जी आज समाधगंज बाजार में संस्था संरक्षक बड़े भाई संतोष शर्मा जी से एक औपचारिक मुलाकात किया और संगठन को मौजूद बनाने पर चर्चा हुई समाज को एकजुट करने पर चर्चा हुई जिसमें संतोष शर्मा जी संस्था संरक्षक जी ने कहा  कि जहां भी हमारी जरूरत पड़ेगी समाज को एकत्रित करने में समाज का सहयोग करने में हम तत्पर सदैव संस्था के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार है बहुत-बहुत धन्यवाद अजय कुमार शर्मा मीडिया प्रभारी प्रवक्ता भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति

# संस्था अध्यक्ष दिनेश शर्मा के पिताजी को देखने पहुंचे संस्था के पदाधिकारी

**जौनपुर,** संस्था के अध्यक्ष दिनेश शर्मा के पिताजी श्री सुरजन शर्मा जी का कुछ दिनों से स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था जिनको साल्वेशन हॉस्पिटल जौनपुर में एडमिट कराया गया है पिताजी का स्वास्थ्य अभी ठीक-ठाक है उनको देखने के लिए भदोही, मिजार्पुर जौनपुर अमेठी, सुल्तानपुर, तमाम जिलों के स्वजातीय बंधु एवं कर्मठ




कार्यकर्ता एवं समाजसेवी भाईयो ताता लगा हुआ है और महाराष्ट्र मुंबई से अनिल शर्मा, हरिशंकर शर्मा, छोटेलाल शर्मा, सुनील शर्मा, विनय शर्मा , गोपाल शर्मा आदि लोग भी फोन से वार्ता कर पिताजी जी के स्वास्थ की जानकारी ली और ईश्वर से प्रार्थना की पिताजी जल्द स्वस्थ होकर अपने परिवार में आए।

**नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा**
**प्रभारी/मुख्य सचिव**
**सम्पर्क 8369149482**

# नैतिक पार्टी ने मनाया अपना 16 वां स्थापना दिवस

**– ह्यश्री राम भी, संविधान भीह्न की अवधारणा से मिलेगा गांव को अपना सम्पूर्ण अधिकार : चन्द्रभूषण पाण्डेय**
**– चन्द्र भूषण पांडेय द्वारा चलाया जा रहा गाँव सरकार संवैधानिक अधिकार अभियान महात्मा गांधी और राजीव गांधी की याद दिलाता है। : कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह**
**– संवैधानिक नैतिकता के मूल मंत्र के साथ गाँव सरकार स्थापित करने में जुटी नैतिक पार्टी ने मनाया 16 वां स्थापना दिवस**
**– 16वें स्थापना दिवस पर नैतिक पार्टी नें श्रीराम के आदर्शों के साथ संवैधानिक नैतिकता का पालन करने का लिया संकल्प**

**लखनऊ,** संविधानिक नैतिकता पर विश्वास करने और ह्यगाँव सरकारह्न के माध्यम से ग्राम पंचायतों को स्वशासी संस्था का अधिकार दिलाने के लिए संघर्षरत नैतिक पार्टी ने रविवार को अपना 16वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया, इस दौरान नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रभूषण पाण्डेय ने बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नैतिक पार्टी संवैधानिक नैतिकता में विश्वास करती है। नैतिक पार्टी मानती है- श्रीराम भी, संविधान भी, श्री राम के आदर्शों के पालन के साथ -साथ संवैधानिक नैतिकता का पालन करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। लखनऊ के लोक निर्माण विभाग, डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ प्रेक्षा गृह में आयोजित 16वें स्थापना दिवस समारोह में नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रभूषण पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष जे.पी दूबे, कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, नैतिक पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और जनता उपस्थित रही, इस दौरान नैतिक पार्टी के संघर्षों, गाँव सरकार, संवैधानिक अधिकार अभियान और भविष्य की रणनीति के बारे में चर्चा की गई।

इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के कांग्रेस उपाध्यक्ष नें कहा की नैतिक पार्टी के साथ हमारा एक साथी पार्टी का रिश्ता है वह बहुत ही स्वस्थ ढंग से भविष्य की दिशा में मजबूती से बढ़ रहा है। आगे उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गाँव में निवास करने वाले 100 करोण लोग हाशिये पर हैं और उनको पूर्ण स्वराज दिलाने के लिए जिस प्रकार चन्द्र भूषण पांडेय गाँव सरकार संवैधानिक अधिकार का अभियान लेकर चल रहे हैं वह महात्मा गाँधी और राजीव गाँधी की याद दिलाता है। गाँव सरकार, संवैधानिक अधिकार की बात अगर हर गाँव तक पहुँच जाये तो विज्ञापनों और झूठे दिखावों से निर्मित किले में सुराख हो जायेगा जो आज कुछ लोगों को अभेद दिखता है और कांग्रेस पार्टी नैतिक पार्टी के साथ है।

बता दें संवैधानिक नैतिकता के सिद्धांतों को आत्मसात कर ग्राम पंचायतों को संविधान द्वारा दिए संपूर्ण अधिकार दिलाकर ह्यगांव सरकारह्न स्थापित करने के उद्देश्य से नैतिक पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में गाँव सरकार, संवैधानिक अधिकार का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को राज्य सरकार, अफसरों और





नेताओं की गुलामी से मुक्ति दिलाकर पूर्ण स्वराज का अधिकार प्रदान करना है। इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रभूषण पांडेय ने बताया कि यह अभियान 100 करोड़ ग्राम वासियों का मुक्ति आंदोलन है, जब तक ग्राम पंचायतों को संविधान द्वारा प्रदत्त 29 विभागों की योजनाओं को स्वयं चलाने का अधिकार नहीं मिल जाता और गांव सरकार स्थापित नहीं हो जाता तब तक यह अभियान चलता रहेगा और उत्तर प्रदेश के सभी गांवों में नैतिक पार्टी जाकर गांव की स्थिति का अवलोकन करने के साथ ग्रामवासियों को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करेगी। संविधान ने सबको सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिया है लेकिन गांव वालों का जीवन मात्र जीने जैसा रह गया है।

सीबी पांडेय ने गांवों की वर्तमान हालत पर बात करते हुए कहा कि इतने दिनों तक नैतिक पार्टी समझती रही कि गांवों की व्यवस्था में कमी के कारण जनता परेशान रहती है। इसलिए नैतिक पार्टी द्वारा प्रायः व्यवस्था के विरोध में आवाज उठाया जाता रहा, लेकिन 16 सालों में यह समझ आ गया कि जनता की परेशानी का कारण व्यवस्था नहीं, बल्कि वे व्यक्ति हैं जो व्यवस्था पर कुंडली मार कर बैठ जाते हैं और व्यवस्था को अपने फायदे के लिए तोड़ मरोड़कर मनमाने ढंग से चलाते हैं। इसलिए अब जरूरी है कि हम व्यक्ति के बारे में चर्चा करें और उसके विरुद्ध आवाज उठाएं।

सीबी पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि 100 करोड़ लोग जो गांवों में रहते हैं उस गांवों की क्या हालत है, यह जानने के लिए मैं काशी, मथुरा, अयोध्या, लखनऊ, अमेठी के सांसद क्रमशः श्री नरेंद्र मोदी, श्रीमती हेमा मालिनी, श्री लल्लू सिंह, श्री राजनाथ सिंह व श्रीमती स्मृति ईरानी द्वारा सांसद आदर्श ग्राम योजना में गोद लिए गांवों में गया व उनका अवलोकन किया। जो देखा वो सब चौंकाने वाला था। भारत के गांव दुखद त्रासदी से गुजर रहे हैं। शौचालयों की हालत यह है कि पानी की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण अधिकांश शौचालय बन्द हैं, शौचालयों के दरवाजे टूटे हुए हैं। गांवों के अधिकांश नल खराब हैं, पानी है तो निकासी नहीं, जिसके कारण जगह-जगह पानी का जमावड़ा और मच्छर की भरमार है। गांव में गन्दगी का आलम यह है कि कई जगह खड़ा होना भी मुश्किल है। अब भी तमाम लोग झोपड़ियों में रहते हैं क्योंकि उनको सरकारी आवास नहीं मिला है। गांव में रोजगार नहीं के बराबर है। पूछने पर गांव वाले यही कहते हैं कि वह किसी तरह जिंदगी काट रहे हैं।

# कदम कदम पर राष्ट्रीय अखबार व डिजिटल मीडिया के ग्रुप संपादक छोटेलाल का जन्मदिन मनाया गया












रि.स्पर्शदेसाई

मुंबई, पिछले 11सालों से प्रकाशित राष्ट्रीय अखबार कदम कदम पर अखबार का अब डिजिटल मीडिया में पदार्पण किया है। उस डिजिटल मीडिया में यह कदम ह्लकेकेपी न्यूज डिजिटलह्वके नाम दिया गया था।अखबार के प्रबंध संपादक अनिल शर्मा ने इस चैनल के उदधाटन समारोह आयोजित किया गया था। उस दोनों मीडिया के ग्रुप संपादक छोटेलाल शर्मा का जन्मदिन हाल में उनके घर पर परिजनों व स्नेह संबधियों के साथ और केकेपी न्यूज के कार्यालय मुंबई में पत्रकारों के साथ मनाया गया।



इस अवसर पर चैनल की हेड कोरसपोन्डस नेहासिंह व चैनल से जूड़े शिवाजयस्वाल ने छोटेलाल लालजी को भगवान राम की चांदी की फ्रेम देकर उनका जन्म दिवस मनाया था। इस अवसर वरिष्ठ पत्रकार व केकेपी न्यूज के कर्ताधर्ता स्पर्श देसाई ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई देकर उनका मुंह मिठा कराया था साथ में उनके स्वास्थ्य की शुभकामना की थी।




**मेरे प्यारे शुभचिंतकों,**

आप सभी के द्वारा मेरे अपने जन्मदिन को वास्तव में यादगार बनाने के लिए आप सभी के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए शब्दों का सहारा ले रहा हूं। कल शाम मेरे निजी निवास स्थान पर आपकी सभी एवं खासकर श्री सुनील श्रीवास्तव कल्याण की उपस्थिति में जन्मदिन सेलिब्रेशन और हार्दिक शुभकामनाएँ मेरे लिए बहुत मायने रखती हैं,और जो कल मेरे जन्मदिन के अवसर पर मुझे जो प्यार और समर्थन मिला उससे मैं अभिभूत हूँ।

कल मेरे निवास स्थान कांजुरमार्ग में मेरे कनिष्ठ साथियों द्वारा आयोजित शाम का उत्सव एक सुखद आश्चर्य और इस अवसर को चिह्नित करने का एक आदर्श तरीका था। कल शाम से रात तक हर विवरण की सराहना की गई और उसे संजोया गया न केवल मेरा जन्मदिन, बल्कि हमारे समुदाय की भावना का जश्न मनाने के लिए सभी को एक साथ आते देखना वास्तव में हृदयस्पर्शी था।

प्रिय भाई श्री जेपी शर्मा जी, श्री अनंत लाल शर्मा जी, श्री अनिल जी, श्री सुनील श्रीवास्तव कल्याण मैं वास्तव में आपकी विचारशीलता और उदारता से प्रभावित हूं। आपके सभी के सज्जनतापूर्ण इशारों ने इस जन्मदिन को मेरे लिए सबसे खास जन्मदिनों में से एक बना दिया है, और मैं उन यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा।

एक बार फिर, आपके प्यार, शुभकामनाओं और मेरे ७१ वें जन्मदिन को वास्तव में अविस्मरणीय बनाने के लिए तहे दिल से आप सभी का धन्यवाद करता हूं.!

साथियों कल मेरे जन्मदिन सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें और वीडियो आप लोगों के साथ साझा कर रहा हूं!

हार्दिक सम्मान के साथ

सादर!

**छोटेलाल शर्मा,मलिक, मुद्रा, प्रकाशक एवं**
**प्रधान संपादकः हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर**

## भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के पदाधिकारी भदोही मिर्जापुर के दौरे पर



संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा के निर्देश पर संस्था प्रभारी/ मुख्य सचिव शैलेंद्र शर्मा, प्रधान महासचिव मनोज शर्मा मंडल अध्यक्ष वाराणसी अवधेश शर्मा संगठन के विस्तार को लेकर तीन दिवसीय दौरा भदोही और मिर्जापुर में किया गया जिसमें संगठन और समाज को आगे बढ़ाने के लिए कई विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया साथ में जिला भदोही संगठन मंत्री राजेश शर्मा, जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा, डा० शैलेष शर्मा मिर्जापुर दौर में विंध्य मुंडन संस्कार ट्रस्ट पदाधिकारी से आत्मीय मुलाकात हुआ ट्रस्ट के अध्यक्ष ट्रस्ट के अध्यक्ष आदरणीय श्री बैजनाथ शर्मा जी, राजन, जी प्रदीप, लक्ष्मण जी, डा०नंदलाल शर्मा जी , प्रदीप जी, आए हुए पदाधिकारियों को गले लगाकर जोरदार स्वागत किए ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तत्पर हैं

**नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा**
**प्रभारी/मुख्य सचिव**



करा‍ड मे कृष्णा, कोयना गंगा संगम के तट पर, यशवंतराव चव्हाण स्मृति स्थल पर राजस्थान सेन समाज मंडल नाशिक ट्रस्ट के माजी अध्यक्ष धोंडी रामजी साकला के साथ महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार.



अंदरसुल जिल्हा नाशिक मे रामायण कथा समारोह मे महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार इनका सम्मान गणपति मन्दिर ट्रस्ट द्वारा हुवा.

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com